# कलेक्टर ने सुनीं 81 लोगों की समस्याएं

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री मीना, जिपं सीईओ श्री अभिषेक सराफ और अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने 81 आवेदकों के आवेदनों पर समस्या निवारण में लिए सम्बधित विभागों को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में तहसील परसवाड़ा के ग्राम खर्रा में 50 वर्षों से निवासरत आवेदक सोहनलाल परते ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके दामाद ने चुपके से आवास भूमि एवं मकान के पट्टे को अपने नाम करवा लिया है। जिस पर कलेक्टर श्री मीना ने परसवाड़ा तहसीलदार को मामले की जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील बैहर के ग्राम बिठली में शासकीय भूमि पर 20 से 25 वर्षों से निवासरत आधा दर्जन ग्रामवासियों ने भी गुहार लगाई कि अतिक्रमण कार्यवाही पर रोक लगाते हुए संपूर्ण ग्राम की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कार्यों को चिन्हित कर समान रूप से कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम बैहर को जांच कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान आवेदक लांजी वार्ड नंबर 13 के निवासी अनिल अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमे अनिल ने 4 एकड़ 54 डिसमिल भूमि की मूल सीमांकन करने में पटवारी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अनियमितता बरतने के मामला बताया।

कलेक्टर मीना लांजी एसडीएम को वीसी के माध्यम से निर्देशित किया कि त्वरित रुप से मामले पर संज्ञान ले और जानकारी से उन्हें भी अवगत कराएं। साथ ही जांच कर शाम तक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

## धान खरीदी में बालाघाट प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**बालाघाट, देशबन्धु।** प्रदेश में इन दिनों धान खरीदी जोरो पर है। 2 दिसम्बर से प्रारम्भ हुई धान खरीदी के मामले में बालाघाट जिले में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कही अधिक किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर धान विक्रय किया है। वर्ष 2023-24 में 28 नवम्बर से धान उपार्जन 2183 रुपये पर प्रारम्भ हुई थी। जबकि 2024-25 में 2 दिसम्बर से 2300 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारम्भ हुई है। गत वर्ष की बात की जाए तो धान उपार्जन के 8 दिनों बाद में पिछले वर्ष केवल 8 किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर 384 क्विंटल धान बेंचा था। इस वर्ष अब तक 3148 किसानों से 15025 मेट्रिक टन धान खरीदा गया है।

संभाग में सबसे अधिक धान उपार्जन बालाघाट में और प्रदेश में दूसरे स्थान पर धान खरीदी के मामले में बालाघाट जिला संभाग में सबसे अधिक किसानों व सबसे अधिक धान खरीदी हुई है। जबकि प्रदेश के मामले में बालाघाट में सबसे अधिक किसानों से खरीदी के मामलें में दूसरे स्थान पर है। खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि केवल रीवा जिले में बालाघाट से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया है। रीवा में 4960 किसानों से 30351 एमटी धान उपार्जित किया गया है। इसके बालाघाट में 3148 किसानों से 15025 एमटी धान खरीदा गया है। सतना में 3104 किसानों से 26186 एमटी, कटनी में 2254 किसानों से 22407 एमटी धान खरीदा गया है। इसी तरह संभाग में छिन्दवा?ा में केवल 17 किसानों से 158 एमटी, मंडला में 2663 किसानों से 14116 एमटी, सिवनी में 173 किसानों से 1669 एमटी धान उपार्जित किया गया है।

## बालाघाट सीएम राइज में आयोजित होगा गीता महोत्सव

**बालाघाट, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार आज 11 दिसम्बर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का प्रारंभ किया जाएगा। जिसका आयोजन जिला स्तर पर भी किया जाएगा। एडीएम श्री जीएस धुर्वे ने इस संबंध में विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है।

उन्होंने बताया है कि जिले के सीएम राइज विद्यालय में इस महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी/ जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीएम राइज विद्यालय लेन्डेझरी को आपसी समन्वय कर गीता महोत्सव के आयोजन की व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया है।

एडीएम धुर्वे ने गीता महोत्सव पर श्रीमद भगवत गीता के सस्वर पाठ कराए जाने के लिए सीएम राइज लेन्डेझरी प्राचार्य श्री निलय एडे को विशेष तौर पर निर्देशित किया है।

वहीं डीईओ श्री उपध्याय को भोपाल में आयोजित गतिविधियों का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर किये जाने के लिए तैयार रहने कहा है। जिले में गीता महोत्सव के आयोजन की समुचित व्यवस्था के लिए मुख्य नपा अधिकारी व नोडल अधिकारी होंगे।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़े में नागरिक हुए सम्मानित

**बालाघाट, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार 25 नवम्बर से जिले में हम होंगे कामयाब की गतिविधियां निरंतर क्रियान्वित की गई। जिसका समापन कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाकक्ष क्र. 205 में आयोजित किया गया। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में निरंतर क्रियांवित इस पखवा? के समापन में बतौर अतिथि नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, सभापति श्रीमती योगिता बोपचे योजना शाखा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी के उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि साइबर अपराध कैसे होते है और कैसे उससे बचाव किया जा सकता है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी साझा की गई। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्याम से जिले में हम होंगे कामयाब में की गई अंतर विभागीय गतिविधियों को उपस्थित अतिथिगण के समक्ष रखा गया।

समापन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाडे को सफल बनाने एवं जेंडर आधारित हिंसा, लैगिंक समानता में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें 18 आंगनबाडी कार्यकर्ता, पुलिस विभाग से 2 महिला आरक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से 4 पैरालिगल वालेंटियर्स, गैर सरकारी संगठन गुड शैपर्ड सोसाइटी, खुशबू वेलफेयर सोसाइटी, रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन, आवास संस्था, जन सेवा जन सुरक्षा बालाघाट, डीईआईसी बालाघाट से रोशनी टेम्भरे, पेनल अधिवक्ता सुश्री संगीता बिसेन, कमला नेहरू कॉलेज से डॉ. निधि ठाकुर, खेल विभाग से कराटे कोच सचिन्द्र कृष्णशनन कुटटी को सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### लाडली बहना योजना की दिसम्बर माह की किशत आज होगी वितरित

**बालाघाट, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को लाल परेड ग्राउंड भोपाल से विभिन्न योजनाओं की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। जिसमे वे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की दिसम्बर माह की किशत भी बहनों के खातों में सिंगल क्लिक कर अन्तरित करेंगे। जिसका लाइव प्रसारण जिले में कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमे कलेक्टर के साथ ही जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ही हितग्राही भी सम्मिलित होंगे।

### आयुष्मान कार्ड प्रगति समीक्षा बैठक में नहीं हुए उपस्थित, जारी हुआ नोटिस

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम कॉर्ड बनाये जाने तथा आयुष्मान कार्ड प्रगति समीक्षा बैठक में उपस्थित नही होने पर शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने निरंतर आयुष्मान कॉर्ड बनाये जाने के लिए टीएल बैठक में निर्देशित किया है।

जिसमे उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कॉर्ड लक्ष्य अनुरूप बनाये जाने के लिए आदेशित किया है। किंतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरेखा डॉ. निशांत नंदा गौली तथा प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी डॉ. कमलेश झोड़े द्वारा आयुष्मान कॉर्ड की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नही पायी गई। डॉ. नंदा द्वारा 7118 के विरुद्ध मात्र 1490 अर्थात 20.93 प्रतिशत तथा डॉ. झोड़ द्वारा 8437 के लक्ष्य में केवल 4486 ही आयुष्मान कॉर्ड बनाये गए।

वहीं प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लॉक बैहर डॉ. हरीश मेश्राम द्वारा आयुष्मान कॉर्ड प्रगति की समीक्षा बैठक में उपस्थित नही पाया गया। इससे ये निर्धारित होता है कि आयुष्मान कॉर्ड बनाये जाने में निष्क्रियता एवं लापरवाही बरती जा रही है। जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (सामान्य) के उपनियम 1 की कंडिका (एक), (दो), (तीन) का स्पष्ट उल्लंघन है। फलस्वरूप कलेक्टर श्री मीना ने डॉ. नंदा, डॉ. झोड़े और डॉ. मसराम को अपना स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर सीएमएचओ के स्पष्ट अभिमत के साथ व्यक्तिगत रूप से समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए है।

### हम होंगे कामयाब पखवाड़े के अंतिम दिन परछाई कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट, देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं जेंडर फोरम समिति के संयुक्त संयोजन से हम होंगे कामयाब पखवाड़े के समापन का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला सुरक्षा अभियान के अंतर्गत परछाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छात्राओं के हित को ध्यान मे रखते हुए उनकी स्वयं की किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए एनएसयूआई से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त करने का आश्वासन दिया गया। इसके लिए एक हेल्पलाईन नंबर 7879151539 प्रोवाइड करायी गई। परछाई कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए विकास करना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय छात्राओ के साथ डॉ.सरोज घोड़ेश्वर, डॉ.स्वाति खोब्रागड़े, डॉ.अनुभूति सेंडीमन, डॉ.श्वेता मोर, डॉ प्रदीप पटेल की विशेष उपस्थिति रहीं।

### 14 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**बालाघाट, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर शनिवार को किया जाएगा। अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्याय परिसर में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी।

### जिपं सामान्य प्रशासन एवं सामान्य सभा की बैठक आज

**बालाघाट, देशबन्धु।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरसवार की अध्यक्षता में बुधवार दोपहर 12 बजे सामान्य प्रशासन एवं दोपहर 2 बजे सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछली सामान्य सभा का पालन प्रतिवेदन, शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यों की समीक्षा पी.आई.यू. अंतर्गत कार्यों की समीक्षा ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं (आरईएस) के कार्य, कृषि विभाग के कार्यों, स्वास्थ्य विभाग के कार्यों तथा आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022 से 2024 तक की जानकारी के साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके लिए समन्धित विभागों को पत्र द्वारा सुचित किया जा चुका एवं निर्देशित किया गया है कि जानकारी की पीपीटी सहित बैठक में उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**बालाघाट, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्टीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सर्वप्रथम अंतर्राष्टीय मानवाधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव अधिकार मनुष्य की गरिमा है। यह मानव अधिकार हर जगह सभी लोगों के लिए समान है। जन्म लेते ही हमें कुछ मूलभूत अधिकार मिल जाते है भारत का संविधान भी इस मूलभूत अधिकार को सुरक्षित रखने की गांरटी देता है। वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने व्यक्त किया कि मानव अधिकार वह मूलभूत अधिकार है जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित नही किया जा सकता है। मानव अधिकार इंसान को जन्म से ही प्राप्त हो जाते है। इन्हें पाने में जाति, लिंग, धर्म, भाषा, रंग तथा राष्ट्रीयता आ? नही आती। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पैरालीगल वालंटियर सुश्री कमर सुल्ताना, श्री धनेन्द्र उपरा? एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय मलाजखंड में एड्स जागरूकता कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में दिनांक 1.12.2024 से विश्व एड्स दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एम के धुर्वे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉक्टर एस एस माधवी के प्रभार में राष्ट्रीय सेवा आयोग के रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में एड्स जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एक सप्ताह तक किया गया।

जिसमें अंतर्गत दिनांक दो 12024 को रैली निकाली गई जिसके द्वारा एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया दिनांक 3.12.2024 को ऐड के संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा एड्स जागरूकता के संबंध पोस्टर बनाए गए दिनांक 4 12 2024 को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्राओं द्वारा एड्स जागरूकता हुआ रोकथाम पर अपने विचार निबंध के द्वारा प्रस्तुत किए गए।

दिनांक 5 12 2024 को महिला बाल विकास के अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बाल विभाग व बाल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया वह एड्स के संबंधित जानकारी समस्त छात्र-छात्राओंके समक्ष प्रस्तुत की गई दिनांक 6 12 2024 को 8 से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया दिनांक 7.12.2024 को स्लोगन प्रतियोगिता की गई जिसमें छात्रों द्वारा एड जागरूकता से संबंधित स्लोगन प्रस्तुत किए गए महाविद्यालय में लगातार एक सप्ताह तक आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य समस्त छात्र-छात्राओं के मध्य ऐड के प्रति जागरूकता फैलाना है एवं समस्त छात्र छात्रों को बैठ जा जैसी घातक बीमारी से दूर प्रभाव व रोकथाम की जानकारी देना है इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति व प्रतिभागी दी महाविद्यालय में आयोजित इस एट जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा निश्चित ही छात्र-छात्राओं के मध्य एक रोकथाम व सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई।

# भाजपा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में नगर बंद

**वारासिवनी, देशबन्धु।** राष्टीय किसान मजदूर महासंघ वारासिवनी के बैनर तले क्षेत्र के किसानो ने आज नगर बंद का आव्हान किया था। 3100 सौ रूपये प्रति क्विंटल धान के समर्थन मूल्य की मांग पूरी होने तक किसानो से सोसायटियो मे धान नही ले जाने तक की अपील आज कार्यक्रम मे तहत की गयी। इस दौरान सुभाष पारधी, किशोर बिसेन, नूपचंद टेम्भरे, चंद्रविजय ठाकुर, ज्ञानप्रकाश पप्पु पटेल, बुध्देष बिसेन, युगलकिशोर सुलखिया, हर्षित राणा, सचिन बिसने, डॉ. भानू रहांगडाले, सुरेष बिसेन, रूपेन्द्र सोनवाने, योगेन्द्र बिसेन, चंद्र कुमार हरिणखेडे, प्रषांत बिसेन, लक्ष्मण पारधी, संदेष बिसेन, दामाजी रहांगडाले, मूरतसिंह पारधी, पीताम्बर नागेष्वर, हेमंत राहंगडाले, डालसिंह शरणागत मंचासीन रहे ।

विधानसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा अपने घोषणा पत्र में धान समर्थन मूल्य 3100 रूपये एवं गेहू का 2700 रूपये दिये जाने सहित बोनस दिये जाने का आष्वासन एवं ग्यारटी दी गई थी सरकार बनने के बाद सरकार द्वारा आपना वादा नही निभाये जाने को लेकर किसान अब किसी भी सूरत मे मानने को तैयार रही दिख रहे है किसानों द्वारा सरकार पर वादा खिलाफी एवं आष्वासन से मुकरने का आरोप लगाते हुए धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये एवं गेहूं का 2700 रूपये मे खरीदे जाने एवं पूर्व मे की धान खरीदी के बोनस को लेकर 7 दिनों से धरने पर बैठे है वही किसान आंदोलन में आज किसानों के द्वारा नगर बंद का आव्हान किया गया प्रात: से ही किसान संगठन के सदस्य एवं किसान नगर मे रैली निकाल कर व्यापारियों से दुकाने बंद करने की अपील करते नजर आये । वही दोपहर मे स्थानीय रानी अवंतीबाई स्टेडियम मे हुई आम सभा में किसानों के द्वारा भाजपा सरकार को जमकर घेरते नजर आये ।

नगर मे धूमकर किसानों ने व्यापारियों से बंद का मांगा समर्थन - 3100 सौ रूपये प्रति क्विंटल धान के समर्थन मूल्य की मांग को लेकर नाराज व आक्रोश मे चल रहे किसानो की प्रभावशाली टीम ने आज वारासिवनी नगर के बंद का आव्हान किया था। जिसके लिये एक दिवस पूर्व अपील भी व्यापारी वर्ग से की गयी थी। साथ ही कल शाम श्रीराम मंदिर मे व्यापारी वर्ग की बैठक मे अंतत किसानो के आंदोलन को समर्थन का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया।

**कार्यक्रम को गैर राजनीतिक बनाने का किया गया प्रयास** - आज प्रात: से ही नगर पूर्णत: बंद भी नजर आया। आवश्यक सेवाओ व निजि बसो के अलावा प्राय: छोटे व बडे प्रतिष्ठान पूर्णत बंद भी नजर आये। प्रात: समय किसानो ने बाईक रैली के माध्यम से निवेदन भी किया। दोपहर समय मे स्थानीय कृषि उपज मंडी से किसानो ने पैदल मार्च कर सिविल क्लब मैदान मे सभा स्थल पर पहुचने का कार्य किया। सभा के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी अनुविभागीय राजस्व अधिकारीयो को प्रेषित किया गया। सभा मे किसानो ने किसी भी राजनैतिक हस्ति को मंच पर नही चढने दिया। किसानो की टीम के अनुसार पुरा कार्यक्रम गैरदलीय व सिर्फ किसानो का ही है।



## किसानों का नगर बंद शत-प्रतिशत रहा सफल व्यापारियों एवं नगरवासियों का मिला भरपूर सहयोग

किसान के रूप मे विधायक नीचे बैठकर लिया आंदोलन मे हिस्सा - किसान गर्जना द्वारा पूरे जिले मे प्रारंभ किये गये इस आंदोलन मे किसी भी राजनीतिक दल का सहयोग नही लिये जाने का निर्णय लिया गया । हालाकि किसानों मे सभी राजनीतिक दलों के किसान सदस्य सम्मलित है बावजूद इसके अपनी राजनीतिक परिचय को दरकिनार कर इस आंदोलन मे सिर्फ किसान बनकर ही हिस्सा ले रहे है । आज के इस कार्यक्रम में अनेक राजनीतिक दलों के अनेक नेता और जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे जबकी किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधी को मंच मे न ही बैठना दिया गया और न ही उद्बोदन देने दिया गया । इसी के चलते क्षेत्रिय विधायक विवेक पटेल भी मंच मे बैठकर एक किसान के हैसियत से आंदोलन मे हिस्सा लिया ।

**भाजपा सरकार को अपने वादे से मुकरने नही देगे** - रानी अवंती बाई स्टेडियम मे आयोजित किसान आमसभा में किसान संगठन से जुडे एवं किसानों मे हर्षित राणा, डॉ. भानू रहांगडाले, मुन्नु दुबे, चंद्रविजय ठाकुर, चंद्रकुमार हरिणखेडे, दामाजी रहांगडाले, मूरत पारधी, पीताम्बर नागेष्वर, धनलाल ठाकरे, उपेन्द्र बिसेन सहित अन्य किसानों ने भाजपा सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को जो आष्वासन दिया था वह आष्वासन भाजपा ने स्वयं घोषणा की थी कोई किसान ने मांग नही की थी इसी के चलते किसानों ने बोरी भर भर कर वोट दिया और भाजपा की सरकार बनवा दी जब भाजपा की सरकार बन गई तो भाजपा अपने ही आष्वासन से मुकर रही है । विधान सभा में भाजपा की सरकार बन गई उसके बाद भी किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 नही दिया गया तब किसानों ने सोचा की लोक सभा चुनाव के कारण हो सकता है नही मिला । तब भी भाजपा ने ग्यारंटी के रूप मे किसानों यही आष्वासन दिया तब भी किसानों ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया और लोकसभा मे 29 की 29 सीटे भाजपा को जितवा दी । उसके बाद भी भाजपा किसानों से किया गया वादा पूरा करने से मुकर रही है किंतु किसान मानने वाला नही है जब तक सरकार अपना वादा पूरा नही करे कोई किसान अपनी उपज सोसायटियों में नही बेचेगा ।

**किसान वक्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को बनाया निषाना** - सभा मे अनेको किसान नेताओ ने खुलकर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव पर हमला बोलते हुये कहा की किसानो ने कभी भी धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये की मांग पहले नही की थी। पहले विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव मे भाजपा ने ही अपने संकल्प पत्र मे इस विषय का जिक्र किया था। किसानो के वोट से भाजपा की सरकार तो बन गयी। किंतू आज किसान पूरी तरह ठगा सा महसूस कर रहा है। और तो और गत दिवस मुख्यमंत्री बालाघाट मे आये थे। किंतू अनेको चेतावनी व आंदोलन को देखने के बाद भी उन्होने पिछले साल का बोनस और इस साल की 3100 रूपये की घोषणा नही की। जिसके कारण क्षेत्र के किसानो का आक्रोश अधिक हो गया है।

16 दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाले विधानसभा घेराव करेगी कांग्रेस - विवेक पटेल - मंच के नीचे मीडिया से रूबरू से होते हुए विधायक विवेक पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानो को झूठे वादे करती है किसानो ने सरकार से इकत्तीस सौ प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदने नही बोला था भाजपा सरकार ने खुद सरकार बनने के बाद 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था जब इनकी सरकार बन गई तो अपनों वादों से मुकर गए पूर्व विधायक को किसानो का साथ देकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करना चाहिए था मगर वे अपने घर में छुपकर बैठे है उन्होंने किसानो का कभी भी साथ नही दिया 16 दिसंबर को हमारी कांग्रेस पार्टी विधानसभा घेराव करने वाली है और अंधी बहेरी भाजपा सरकार को जगायेंगे भाजपा सरकार हमेशा किसानो को जुमला वादा देती है इस बार हमारे क्षेत्र का किसान जाग गया है और भाजपा के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रहा है मैं हमेशा किसानो के साथ खड़ा रहूंगा ।

भाजपा सरकार को किसानो कि मांग करनी चाहिए पूरी - योगेंद्र निर्मल - पूर्व विधायक डॉक्टर योगेंद्र निर्मल ने कहा कि सरकार द्वारा जो किसानो से वादे किये है उसे पूरा निभाना चाहिए किसान हमारे देश का अन्यदाता है जिन्होंने घोषणा किया था वो आज केंद्र में मंत्री भी है किसान देश कि रीड कि हड्डी है किसानो के पक्ष में सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए जब घोसणा पत्र सरकार द्वारा लाया जाता है तो कार्यकर्ता को नही बताया जाता कार्यकर्ता से कहा जाता है कि पार्टी हमारी माँ है बाप है हमको अनुशासन में बंधे रहना है पार्टी के झंडे के कारण कोई कुछ बोलता ही नही हमारे उपराष्ट्पति ने उस बात को पुरे दम के साथ रखा किसान सरकार ने इकत्तीस मांगने नही गया था सरकार ने खुद घोसणा कि थीं तो देना भी चाहिए ।

**हमारे मंच को खराब करने का किया गया प्रयास** - राष्टीय किसान मजदूर महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष सुभाष पारधी ने मिडिया के सवालो पर कहा की हमारा आयोजन पूर्णत: सफल रहा। हमे व्यापारी वर्ग, मिडिया व पुलिस विभाग सहित अन्य सभी का सहयोग भी मिला। हमने सुबह बाईक रैली के बाद सिविल मैदान मे सभा भी की। जिसमे ग्राम ग्राम से किसानो ने अधिक संख्या मे आकर अपनी मांगो के लिये एकता प्रदर्शित की। हमारा कार्यक्रम किसी भी दल का नही था। यह शुद्व रूप से किसानो का कार्यक्रम था। किंतू फिर भी हमारे मना करने के बाद एक व्यक्ति ने कुछ कांग्रेस के लोगो के कहने पर एक विक्षिप्त की तरह एक दो नेताओ के बारे मे गलत भाषण दिया। जिसे हम अस्वीकार करते है। इस घटनाक्रम को देखकर प्रतित हो रहा है की कुछ लोग नही चाहते की किसानो को बडा मंच बने।

किसानो के कार्यक्रम को गलत दिशा देना अशोभनीय है - किसान नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्ञानप्रकाश उर्फ पप्पू पटेल ने मिडिया के सवालो पर कहा की नगर बंद का कार्यक्रम सिर्फ किसानो का कार्यक्रम था। इसमे किसी भी दल के नेता की कोई भूमिका नही थी। आज मंच पर अचानक वक्ता के रूप मे भोलाराम पटले पिपरिया ने जो भाषण देकर नेताओ को जो भला बुरा कहा वह उचित नही है। इस प्रकार कृत्य से किसानो की ही छवि प्रभावित हुयी है। साथ ही यह भी प्रतित हुआ की यह कार्यक्रम को खराब करने के लिये ही किया गया है। यह व्यक्ति कांग्रेस के एंजेट की तरह अपनी बाते रख रहे थे। जिससे किसानो के कार्यक्रम को गलत दिशा देना भी प्रतित हुआ है, जो पूर्णत अशोभनीय भी है।